हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 19 फरवरी 2026
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16. 0 डिग्री

माघी मेले में 13 हजार से अधिक लोगों को दी गई निःशुल्क कानूनी जानकारी
2



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में 4 खिलाड़ियों का चयन

**जांजगीर-चांपा।** दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड ऑफ इंडिया के अंतर्गत पहली बार नेशनल दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन उड़ीसा राज्य के बरगढ़ जिले के लेंगू मिश्रा क्रिकेट स्टेडियम में (डी.सी.सी.बी.आई) दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा 21 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जिसमें 04 राज्यों छत्तीसगढ़, उडीसा, आंध्रप्रदेश तथा गुजरात की टीमों द्वार संयुक्त रूप से भागीदारी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य से जांजगीर-चांपा के चार खिलाड़ियों का चयन योग्यता के आधार पर किया गया है। इनमें धनंजय यादव कप्तान, केशव चौहान, राकेश कश्यप तथा अमित बरेठ शामिल हैं। जिले से चयनित खिलाड़ियों को समाज कल्याण विभाग की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की गई।

### दिशा समिति की बैठक 24 को विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

**सक्ती।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बोर्ड परीक्षा के लिए जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** छग माशिमं द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष का आयोजन 20 फरवरी से 18 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 एवं 12 में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यह हेल्प डेस्क परीक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन एवं समस्या समाधान हेतु सहायता प्रदान करेगी। परीक्षा से संबंधित किसी भी समस्या अथवा जानकारी हेतु कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक जिला स्तरीय हेल्प डेस्क से संपर्क किया जा सकता है।

### सार्वजनिक संपत्ति नुकसान को लेकर किसान ने की शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** नहर एवं बारिश पानी निकासी एवं सड़क में निर्मित पुल को तोड़कर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान पहुंचाने के मामले में पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ किसान ने शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के ग्राम जर्वे-सुंदरेली भारत पेट्रोलियम कंपनी द्वारा पेट्रोल पंप का संचालन किया जा रहा है। उक्त पेट्रोल पंप के पास ग्राम जर्वे निवासी भुवनलाल श्रीवास का कृषि भूमि है। जिसे क्रय किया गया है। इस भूमि के आसपास बारिश एवं नहर का पानी बड़ी मात्रा में बहकर आता है। जिसे पेट्रोल पंप संचालक द्वारा नहर एवं बारिश का पानी अवरूद्ध करते है। जिसके कारण किसानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पेट्रोल पंप संचालक द्वारा सड़क में निर्मित पुल को तोड़कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर किसान भुवनलाल श्रीवास ने सक्ती कलेक्टर से शिकायत करते हुए मामले पर त्वरित कार्रवाई की है। शिकायत की प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव कृषि विभाग, सचिव जल संसाधन, सचिव लोक निर्माण, तहसीलदार बाराद्वार एवं सक्ती एसडीएम को भेजी गई है। इस शिकायती पत्र के माध्यम से किसान ने इस पर कार्रवाई की मांग की है। किसान का कहना है कि निकासी अवरूद्ध करने के कारण करीब 250 किसानों के फसलों को नुकसान भी पहुंचा है।

## खरीदी प्रभारियो को सताने लगी सूखत की चिंता

# उपार्जन केन्द्रों में 14 लाख 45 हजार क्विंटल धान का उठाव अभी बाकी

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 129 समितियो के माध्यम से करीब 61 लाख 67 हजार 672 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 47 लाख 22 हजार 321 क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। वही अभी भी उपार्जन केन्द्रों में 14 लाख 45 हजार 351 क्विंटल धान का उठाव किया जाना बाकि है। इधर तेज धूप बढते ही केन्द्र प्रभारियो की परेशानी बढ गई है। प्रभारियो को धान सूखने का डर सता रहा है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार 15 नवम्बर से 31 जनवरी के बीच समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। वही किसानो के विशेष मांग पर धान खरीदी कार्य 5 एवं 6 फरवरी को किया गया। जांजगीर चाम्पा जिले के 129 सेवा सहकारी समितियो को मिलाकर करीब 61 लाख 67 हजार 672 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसमें से 47 लाख 22 हजार 321 क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। वही उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 14 लाख 45 हजार 351 क्विंटल धान का उठाव किया जाना अभी शेष है। जिसके कारण केन्द्र प्रभारियों की परेशानी और भी बढ गई है। केन्द्र प्रभारियो को धान सूखने का डर सता रहा है। फरवरी महीने का तीसरा पखवाडा प्रारंभ हो चुका है। वही अब धीरे धीरे तेज धूप के बीच अब गर्मी का एहसास भी होने लगा है। जिसके कारण केन्द्रों में रखे धान अब सूखने लगे है। ऐसे मे केन्द्र प्रभारी अब जल्द से जल्द धान उठाव की मांग भी करने लगे है। प्रभारियो को धान सूखने का डर सता रहा है। एक तरफ तो शासन के द्वारा धान खरीदी होने के 72 घंटे के भीतर धान का उठाव करने की बात तो कही जाती है। वही दूसरी तरफ 72 घंटे तो दुर की बात समर्थन मूल्य पर धान खरीदी समाप्त होने के 18 दिनों बाद भी उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 14 लाख 45 हजार क्विंटल से अधिक का धान उठाव अभी बाकी है।



उपार्जन केन्द्र में पड़ा धान।

किसान लगातार कर रहे आंदोलन

समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नही कर पाने वाले किसान धान बिक्री की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे है। खासकर नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले दर्जन भर से भी अधिक गांवो के किसान अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद कर रहे है। सोमवार 16 फरवरी को भी किसानो ने अपनी मांगो को लेकर जिले के अफसरो से मुलाकात की थी। इसके पूर्व भी कृषक चेतना मंच के द्वारा भी अपनी मांगो को लेकर जांजगीर के एसडीएम से मुलाकात करके ज्ञापन सौपा था। ज्ञापन के माध्यम से बचे धान खरीदने की मांग भी की गई थी। इस संबंध में एसडीएम ने किसानो की बात को उच्च अधिकारियो तक पहुंचाने की बात भी कही थी। इसके बाद भी किसानो की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण किसान परेशान है

### जारी किए है निर्देश

समर्थन मूल्य पर करीब 61 लाख 67 हजार से अधिक क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 47 लाख 22 हजार से अधिक क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। समितियो में 14 लाख 45 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकि है। धान उठाव को लेकर केन्द्र प्रभारियो को निर्देश जारी किया गया है। साथ ही साथ बाकि बचे किसानो की धान बिक्री का मामला शासन स्तर का है।

**-अमित साहू,**
नोडल अफसर, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत

## नवागढ़ के राछा भांठा की घटना

.हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सड़क किनारे खडी ट्रेक्टर ट्राली से बाइक जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। रात के अंधेरे में सड़क किनारे ख़डी ट्रेक्टर ट्राली के नजर नहीं आने से यह हादसा हुआ। घटना नवागढ़ के राछा भांठा की है।

जांजगीर-चांपा जिले में सड़क हादसों में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दूसरे दिन कहीं न कहीं सड़क हादसे में जान जा रही है। मंगलवार की देर रात ऐसे ही हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। नगर पंचायत नवागढ़ के राछा भाठा नाला के पास सड़क पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी थी। ट्रैक्टर खराब होने के कारण नाला के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। इसी दौरान नवागढ़ निवासी 17 वर्षीय करण कश्यप और कार्तिक कश्यप बाइक से नवागढ़ से राछा भाठा की ओर जा रहे थे। सड़क किनारे खड़ी ट्रेक्टर ट्राली रात के अंधेरे में नजर नहीं आई और बाइक सवार युवक सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई। सूचना पर नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल नवागढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद दोनों ने दम तोड़ दिया। करण कश्यप कक्षा बारहवीं का छात्र था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। नवागढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



थाने में खड़ी जब्त ट्रैक्टर।

### गाय से टकराया बाइक सवार छात्र, सिंग घुसा आंख में

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिसदा में बुधवार 18 फरवरी की सुबह कॉलेज का एक छात्र हादसे का शिकार हो गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि गाय की सिंग छात्र के एक आंख में घुसते हुए आरपार हो गई। गंभीर रूप से घायल छात्र को बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केरा गांव निवासी 21 वर्षीय छात्र मनीष कुमार देवांगन सुबह करीब 9 बजे राधाकृष्ण कॉलेज नवागढ़ प्रैक्टिकल परीक्षा देने जा रहा था। इसी दौरान केरा और बर्रा मोड़ मिस्दा के पास अचानक सड़क पर आई गाय से उसकी मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय का सींग सीधे मनीष देवांगन की आंख में घुसते हुए बाहर निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नवागढ़ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया।

# युवक को किया वीडियो कॉल और फिर लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर व चांपा के बीच लछनपुर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि फांसी लगाने से पहले उसने एक युवक को वीडियो कॉल किया था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

घटना के संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 18 फरवरी को शाम करीब 3 बजे सूचना मिली कि लछनपुर में एक युवती ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ करते हुए पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि फांसी लगाने से पहले युवती ने अपने मोबाइल पर किसी युवक को वीडियो कॉल किया था। इसके बाद उसने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त युवती के माता पिता घर पर नहीं थे। पंचनामा की कार्रवाई पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहरहाल घटना का कारण पूरी तरह से ज्ञात नहीं हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। मोबाइल फोन और कॉल डिटेल्स को भी जांच के दायरे में लिया गया है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके। इधर पुलिस घटना को लेकर विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

**खास बात**

- सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम लछनपुर का मामला

### की जा रही जांच

ग्राम पंचायत लछनपुर में युवती ने मोबाइल के माध्यम से एक युवक को वीडियो कॉल किया था। इसके बाद गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। साथ ही घटना को लेकर लोगों से पूछताछ भी कर रही है।

**-जे.पी. गुप्ता**
नगर निरीक्षक
सिटी कोतवाली जांजगीर

### विधानसभा सत्र के मद्देनजर अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र दिनांक 23 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। जरूरत पडने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जावेगें। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगें।

# ट्रक का फटा टायर, डिवाइडर से टकराते हुए जा घुसी दुक़ान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद के बस स्टैंड के पास बीती रात करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दुकानों में जा घुसा। हादसे में तीन दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि घटना देर रात की होने से कोई जनहानि नहीं हुई नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्र. सीजी 7 बीजी 6655 तारबंडल लोड कर रायगढ़ से भिलाई की ओर जा रहा था। उसी दरमियान हसौद के बस स्टैंड के पास पहुंचते ही चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक पहले डिवाइडर से टकराया, फिर टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर घनश्याम साहू के फल दुकान को ठोकर मारते हुए चंद्रशेखर श्रीवास के खाली दुकान को क्षतिग्रस्त करता हुआ अंततः हेमंत श्रीवास के अंबिका डेली नीड्स जनरल स्टोर में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुकान का शटर, दीवार और छत का हिस्सा टूट गया। दुकान के अंदर रखे फ्रिज, कूलर, डीप फ्रीजर, होम थिएटर, रैक तथा किराना सामान क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार हेमंत श्रीवास को 5 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं घनश्याम साहू के फल दुकान में भी काफी नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित दुकान संचालक एवं आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक वाहन मालिक की ओर से पीड़ित दुकान संचालक को उचित क्षतिपूर्ति की राशि नहीं दी जाती, तब तक ट्रक को घटनास्थल से हटाने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस या वाहन मालिक ट्रक को हटाने का प्रयास करते हैं, तो पीड़ित दुकानदार के समर्थन में गुस्साए ग्रामीण हसौद–रायगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करेंगे।



दुकान में घुसी ट्रक

# आनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने लोगों को दी जानकारी

**नवागढ़।** थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम उदयभांठा एवं थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम धीवरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान नशा मुक्ति व सायबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में लोगो को जागरूक किया गया। नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब के विरुद्ध सशक्त संदेश दिया गया। आनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक न करे, ओटीपी शेयर न करे के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम उदयभांठा एवं थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू द्वारा ग्राम धीवरा में नशा मुक्ति एवं सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बारात में चाकू से हमला मामले में फरार चल रहा आरोपी पकड़ा गया



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बारात में नाचने को लेकर उपजे विवाद में चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था। वहीं एक आरोपी फरार था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को शाम में बाराती में ग्राम अफरीद गये थे, जहां ग्राम बोरसी पामगढ़ से एक और बाराती आए थे उसी बाराती के बीच आहत नाचने की बात को लेकर, बोरसी बाराती के लोग नाचने से मना किये तो नहीं माने इसी बात को लेकर आरोपियों द्वारा अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू से गौरव बरेठ एवं उसके साथी सागर बरेठ को हमला कर दिए जिसे चोट होने से ईलाज हेतु अस्पताल बिलासपुर ले जाकर भर्ती किये थे। पुलिस द्वारा त्वरित वैज्ञानिक अधिकारी के साथ घटना स्थल अफरीद अमहापारा का पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इलाजरत आहत गौरव बरेठ जो बिलासपुर लाईफ केयर अस्पताल में भर्ती है जिसका कार्यपालिक दण्डाधिकारी से मृत्युकालित कथन कराया गया था। प्रकरण के मुख्य फरार आरोपी नरेंद्र यादव निवासी बोरसी जो घटना घटित कर फरार हो गया था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही। आरोपी से पुछताछ करने पर घटनाकारित करना स्वीकार किये जाने पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## वाहन चालकों के लायसेंस निरस्त करने की होगी कार्रवाई

# अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई : 2 चैन माउंटेन मशीन व 3 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की टीम ने 2 चैन माउंटेन मशीन व 3 ट्रैक्टरों को जब्त करने की गई है। साथ ही नियमानुसार उपरोक्त वाहनों के वाहन चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्त करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम खपरीडीह एवं तहसील पामगढ़ के ग्राम देवरघटा के क्षेत्र में जांच की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम खपरीडीह में अवैध रेत उत्खनन में लगे 1 चैन माउंटेन एवं ग्राम देवरघटा में 1 चैन माउंटेन और 3 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंतत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग की उडनदस्ता की टीम को सूचना मिली कि बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत खपरीडीह एवं पामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरघटा स्थित नदी तट किनारे कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से वाहनों के माध्यम से खनिज का अवैध उत्खनन व परिवहन कार्य किया जा रहा है। जिस पर कार्रवाई हुई है। इसके पूर्व भी बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत पुछेली में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई हुई थी। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नियमानुसार उपरोक्त वाहनों के वाहन चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्त करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी।



जब्त मशीन के साथ खनिज विभाग का अमला।

## खबर संक्षेप

### संकुल केंद्र सिवनी में सम्मान समारोह का आयोजन, दस समन्वयक जुए सम्मानित



**बहेराडीह।** बलौदा विकास खंड में पूर्व शैक्षिक समन्वयकों का सम्मान समारोह का आयोजन संकुल केंद्र सिवनी में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ समन्वयक अशोक तिवारी ने बताया,कि शिक्षा विभाग में संकुल समन्वयक जो सेवानिवृत हो गए थे या पदोन्नति अथवा अन्य कारणों से त्याग पत्र दिए थे। ऐसे दस समन्वकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने स्कूल में अकादमिक सपोर्ट करने वाले इन सभी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी स्कूलों को हरा भरा बागवानी युक्त करने पर जोर दिया,जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शैक्षिक समन्वयकों की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी शिक्षकों से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिला मिशन समन्वयक हरि राम जायसवाल ने सभी शैक्षिक समन्वयकों को शिक्षा विभाग की प्रमुख कड़ी मानते हुए आयोजन की प्रशंसा किया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रवि गौतम ने वर्तमान तकनीकी युग में इनके दायित्वों को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि शैक्षिक समन्वयकों के अकादमिक सहयोग से बच्चों के कक्षा अनुसार दक्षता आ सके। खंड समन्वयक अर्जुन सिंह ने सभी पूर्व समन्वयकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वर्तमान सभी समन्वयकों को विभाग की योजनाओं और सभी आनलाइन के कार्यों को समय पर पूर्ण करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व समन्वयकों को वर्तमान समन्वयकों के द्वारा शाल ,पेन डायरी से सम्मानित किया गया साथ ही सभी अतिथियों का भी शाल डायरी ,पेन से स्वागत किया गया। स्वागत परिचय झाचेंद्र कुर्रे द्वारा दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी द्वारा तथा आभार संकुल प्रभारी के के साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी 33 संकुल के समन्वयकों के अलावा बालक प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी के शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

### कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल का किया गया स्वागत



**राहौद।** कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं जांजगीर-चांपा लोकसभा के पूर्व सांसद कमला देवी पाटले का नगर आगमन होने पर पुलिस सहायता केंद्र के पास बीजेपी नेता धीरेन्द्र योगी के नेतृत्व में फूल- माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल सोमवार को जिले के प्रवास में थे। वे सड़क मार्ग से शिवरीनारायण में आयोजित प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के मनोनीत पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री दयालदास बघेल व पूर्व सांसद कमला देवी पाटले के राहौद पहुंचने पर आतिशबाजी, फूल माला पहनाकर भाजपा नेता धीरेंद्र योगी व पार्टी के पदाधिकारी ऋषभ योगी, मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जांजगीर-चांपा,अमित मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग अनंत सभापति ,योगेश देवांगन पार्षद महका सरपंच शांति देवी नंदकिशोर खूंटे,मोहरसाय जांगड़े, रूपेश कुर्रे,बिंदिया खूंटे,हीरामति खूंटे,मलिंदर खूंटे,आदर्श जांगड़े,अनिकेत जांगड़े,सनम कुर्रे, मिथलेश लहरें,संतराम टंडन, घनश्याम लहरे, वीरेंद्र जांगड़े,आसना खूंटे,तनीश खूंटे, शशांक शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता व पार्षद मौजूद थे।

विगत आठ वर्षों से मेले में स्टॉल लगाकर किया जा रहा जागरुक

# माघी मेले में 13 हजार से अधिक लोगों को दी गई निःशुल्क कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शबरी की पावन धरा शिवरीनारायण के माघी पूर्णिमा मेले में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती शीलू केशरी एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर की देखरेख में मेले में स्टॉल लगाकर निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह केन्द्र लगाकर विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा चलित लोक अदालत एवं विधिक सेवायान के माध्यम से कानून संबंधित लघु फिल्म एवं पटकथाएं 2 फरवरी से 10 फरवरी तक थाना शिवरीनारायण के अंतर्गत गांव पचरी, लोहर्सी, कुरियारी, रिंगनी, तुसमा, मुड़पार,दुरपा, एवं शिवरीनारायण मेला स्टॉल,नवागढ़ थाना के गांव राछाभांठा, गिद्धा, पामगढ़ थाना के गांव मेंहदी,मेंऊभाठा में दिखाकर लोगों को जानकारी प्रदान की गई। तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी द्वारा स्टॉल में आने वाले लोगों को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान, तकनीकी लिंग चयन प्रतिषेध, मध्यस्थता, लोक अदालत, अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिकों के विधिक अधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएं, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना, पीसीपीएनडीटी कानून, भरण पोषण, माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, बाल श्रम, मौलिक अधिकार, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1961, निःशुल्क विधिक सहायता टोल फ्री नंबर 15100, पर्यावरण सरंक्षण हेतु अभियान से संबंधित विभिन्न पंपलेट प्रदान किया गया। मेला समापन के अवसर पर प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर द्वारा स्टॉल पहुंच कर लोगों को विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान कर पंपलेट वितरण किया गया।



पाम्पलेट वितरण कर लोगों को जागरुक करते न्यायाधीश एवं अधिवक्तागण।

तहसील अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रांतों से आने वाले दर्शनार्थियों को कानूनी जागरूकता एवं कानूनी सहायता प्रदान करने तथा उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सलाह उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से विगत आठ वर्षों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के सहयोग व समन्वय से मेले में स्टॉल लगाया जा रहा है। पंद्रह दिनों तक स्टॉल में पैरालीगल वालंटियर सहदेव दास महंत, संतोष कुमार कश्यप, नरेंद्र सूर्यवंशी,गजानंद कश्यप,रमेश दिवाकर का सहयोग रहा।समापन के अवसर पर प्रमुख रुप से प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, भुनेश्वर बंजारे,कुमार निराला, एम.आर. कश्यप,गजेन्द्र बंजारे, रामनिवास शुक्ला,शत्रुहन बंजारे, देवप्रसाद साहू, बलराम मधुकर, रामनिवास शुक्ला, जीवन लाल कश्यप, शिवगोपाल यादव,मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर प्रसाद कश्यप, आर.आई. किशोर सिदार, मोहन बनर्जी, रामेश्वर जगत, प्रधान आरक्षक तारकेश पांडेय, आरक्षक नितिन द्विवेदी, विकास शर्मा उपस्थित रहे।



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती चिकित्सक।

# स्वास्थ्य शिविर का 300 बच्चों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की स्थानीय ईकाई लायंस क्लब चांपा के द्वारा 3 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम लायंस क्लब भवन में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ श्रीमती पल्लवी बिरथरे एमबीबीएस, बीसीएच मुंबई पूर्व चिकित्सक अपोलो अस्पताल एवं शिशु भवन बिलासपुर द्वारा परीक्षण कर उपचार की सलाह दी गई।

इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता ने कहा कि ठंड का मौसम समाप्त होने तथा गर्मी का मौसम प्रारंभ होने उपरांत मौसम परिवर्तन के साथ ही खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है जिसे ध्यान में रखते हुवे शरीर एवं खाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। लायंस क्लब अंतरराष्ट्रीय सेवा भावी संस्था है जिसके द्वारा समय समय पर आवश्यक अनुसार सेवा गतिविधि आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें लगभग 300 बच्चे लाभान्वित हुवे। कार्यक्रम में लायंस हायर सेकंडरी स्कूल के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, क्लब सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव चंद देवांगन, लायन डॉ व्ही एन बिरथरे उपस्थित रहे जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# नाली निर्माण होने से जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



नगर पंचायत नया बाराद्वार में 22.88 लाख की लागत से आरसीसी नाली निर्माण का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस कार्य के पूरा हो जाने के बाद नगरवासियों को जल निकासी की समस्या से निजात मिलेगी।

नया बाराद्वार नगर पंचायत अंतर्गत विकास कार्यों को नई गति देते हुए वार्ड क्रमांक 01 एवं वार्ड क्रमांक 15 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कुल 22.88 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 01 में 12.76 लाख रुपये एवं वार्ड क्रमांक 15 में 10.12 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर हसत राम साहू, याद राम यादव, राकेश अग्रवाल, गणपत बरेठ, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, पार्षद ज्योति राठौर, पार्षद प्रीति अनिल यादव, पार्षद अंजू कुर्रे, पार्षद कैलाश भैना,पार्षद अजय सिंह राजपूत, पार्षद अंजलि राजेश साहू सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया, पूर्व पार्षद मेघनू भैना,सनत राठौर, राजू तंबोली, शिव चरण बरेठ, कीर्ति सागर बरेठ, गंगा राम बरेठ, शिवनाथ बरेठ, मोती लाल कुर्रे,सीएमओ पुनीत वर्मा, लक्ष्मण दाहिरे, छतराम भैना सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आरसीसी नाली निर्माण से जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**खास बात**

- नगर पंचायत नया बाराद्वार में 22.88 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण का हुआ भूमि पूजन

# द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी देखने हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति भवन खरौद सेवा केंद्र में द्वादश (12) ज्योतिर्लिंग व बर्फानी बाबा अमरनाथ एवं श्री शंकर _पार्वती के रूप में बच्चों की मनमोहक आकर्षक झांकी लगाई गई। दो दिवसीय भव्य झांकी में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक लगातार दर्शनार्थियों की लंबी कतार लगी रही।

- धूमधाम से मनाया गया त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से शिवध्वजारोहण कर व केक कटिंग कर मनाया गया। सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजु दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि वास्तव में विश्व रचयिता परमपिता परमात्मा का अवतरण दिवस है। उनका जन्म दिव्य व अलौकिक हैं, वह परकाया प्रवेश कर एक साधारण वृद्ध तन साकार प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा नई स्वर्णिम दुनिया सतयुग की स्थापना का कार्य कर रहे हैं। सभी धर्मों का यही मानना है कि जब भी अधर्म बढ़ता है, तब परमात्मा को इस धरती पर आना पड़ता है। वर्तमान समय हम युग परिवर्तन काल से गुजर रहे हैं जबकि कलियुग की समाप्ति और सतयुग का आरंभ होता है। वर्तमान समय चारों ओर अत्याचार,भ्रष्टाचार , असत्य, हिंसा और अश्लीलता का बोलबाला है। अधर्म अपनी चरम सीमा पर है और पाप का घड़ा भर चुका है। हर मनुष्य दुःखी और अशांत है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार के वशीभूत मानव के कृत्यों से आज सारी धरती जल रही है, यही वह समय है जब स्वयं परमात्मा को बुराई और अधर्म का विनाश कर अच्छाई और सतधर्म की फिर से स्थापना करने हेतु इस धरती पर आना पड़ता हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित व भगवान की आरती कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष सुबोध शुक्ला,उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य रायपुर छ. ग. चन्द्रकांत तिवारी, प्राचार्य बसंत देवांगन, वन्दे मातरम स्कूल संचालक शंकरलाल आदित्य, डॉ बीके कृष्णा तिवारी, पार्षद सुश्री नीलम यादव, पार्षद श्री सत्यम सिदार, पार्षद हुल्लास साहू, पूर्व पार्षद शरद शर्मा, बिहारी भारद्वाज, शेखर यादव , शिवरीनारायण पार्षद श्रीमति शकुंतला अग्रवाल, वरिष्ठ नेता कांग्रेस सदस्य निरंजन अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में बीके भाई बहनें उपस्थित रहें। अंत में सभी अतिथियों का बीके मंजु दीदी व बीके चंद्रकांता बहन द्वारा ईश्वरीय सौगात व प्रसाद भेंटकर सम्मान किया गया।



झांकी देखने पहुंचे लोग।

## श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई सुदामा चरित्र की कथा



**बेल्हाडीह।** ग्राम लवसरा के नवधा पारा में 9 फरवरी से शुरु श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन 17 फरवरी को तुलसी वर्षा, पूर्णाहूति, सहस्त्र धारा एवं ब्राहमण भोजन के बाद संपन्न हुआ। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवे एवं अंतिम दिवस सोमवार को ब्यासपीठ से कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई, जिसके बाद कथा विश्राम हुई। कथा वाचक ने श्रोताओ को बताया कि मित्रता कैसे निभाते है यह भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा से सिखें। उन्होने बताया कि सुदामा बेहद ही गरीब परिवार से थे, कई दिन उनका परिवार भूँखे ही सो जाता था, सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बाल सखा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे, सुदामा महल की ओर बढ़ने लगे तब द्वारपालो ने सुदामा को भिक्षु समझकर रोक दिया। सुदामा ने द्वारपालो से कहा कि वह कृष्ण के बाल सखा सुदामा है, इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु कृष्ण से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने सुदामा को अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हे गले से लगाया और सुदामा को अपने महल ले गए एवं वहां उनका आतिशि स्वागत किया। सात दिवसीय कथा के दौरान विभीन्न झांकिया भी दिखाई गई एवं भजन सुनाये गये, जिसमे सभी भक्त झूम उठें।

## स्टार्टअप जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**सक्ती।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सक्ती द्वारा आईटीआई जैजैपुर और आईटीआई हसौद में "स्टार्टअप अवेयरनेस वर्कशॉप" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सक्ती द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप के प्रति प्रेरित करते हुए "छत्तीसगढ़ स्टार्टअप पैकेज" तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं अनुदानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित युवक-युवतियों को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लेकर योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा नवाचार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**बिर्रा।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत जय ठाकुर देव युवा संगठन मल्दा के द्वारा संचालित भारत विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वार्षिक उत्सव का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालेश्वर प्रसाद साहू विधायक जैजैपुर, मनोज कुमार गौटिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मर्यादित घिवरा, श्रीमती शशि लाला मित्तल सरपंच ग्राम पंचायत मल्दा,कन्हैया लाल कश्यप, किरित राम कश्यप अध्यक्ष भारत विद्या मंदिर,दुर्गेश कुमार कश्यप संचालक भारत विद्या मंदिर, मिठाई लाल कश्यप सदस्य,दीनू राम कश्यप एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका सहित उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव के साथ ही साथ केजी 1 से लेकर कक्षा 8वी तक सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं शिल्ड प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं मेडल से विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजन में बच्चों द्वारा अनेक प्रकार की डांस, गीत, कविता,भाषण, चुटकुले,म्यूजिक डांस,सुवा नृत्य,शैला नृत्य,गरबा नृत्य, छत्तीसगढ़ी गीत,भोजपुरी गीत,संबलपुरी गीत,कर्मा गीत की प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा झमाझम गीतों एवं नृत्य करते हुए समस्त अतिथि एवं शिक्षक गण और दर्शकों का मन मोह लिया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं के अलावा अधिक अंक अर्जित करने वाले बच्चों के माता पिता को भी सम्मान समारोह में बुला कर विधायक के द्वारा श्रीफल एवं फूल माला सहित सम्मान करते हुए सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राम अवतार कश्यप प्रधान पाठक,अजय कुमार कश्यप, संतोष कश्यप, सीता राम यादव,उमा शंकर कश्यप,आनंद कश्यप,मिनाक्षी कश्यप, राजेश्वरी कश्यप, भानु कश्यप का योगदान रहा।



- मल्दा के भारत विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

# सनातन परंपरा को जीवंत रखने का कार्य कर रहा महिला समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम नन्दौर कला में स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्री वैष्णव देवी महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस कोरबा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

- राधाकृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए सांसद

कार्यक्रम में सूरज चरणदास महंत, पंडित बलराम प्रसाद पांडे, पिंटू ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजू राठौर,अधिवक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, ज्योत्स्ना महंत की पुत्री सुप्रिया महंत, दमाद अखिलेश, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शक्ति रीना गेवरडीन, नरेश गेवदीन सरपंच श्रीमती निर्मला सुरेन्द्र कुर्रे अनसुईया राठौर, जानकी राठौर, सरला राठौर, पिली बाई, राम बाई, भगवती एवं बुधवारा केवत सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे। कथा वाचक पंडित श्रीकांत पांडे ने शिव तत्त्व, भक्ति, वैराग्य और धर्म के गूढ़ संदेशों को सरल भाषा में प्रस्तुत करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। कथा के अंतर्गत भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें भगवान भोलेनाथ की अलौकिक झांकी सजाई गई। यह शिव बारात ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करती हुई कथा पंडाल तक पहुंची। ग्रामीणजन बड़े उत्साह के साथ बारात में शामिल हुए, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। कथा पंडाल में शिव विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का भावपूर्ण मंचन किया गया। यज्ञ आचार्य के रूप में संजू महाराज एवं अखिलेश महाराज उपस्थत रहे। मुख्य अतिथि सांसद ज्योत्स्ना चरण दास महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री शिव महापुराण कथा जैसे धार्मिक आयोजन हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को सहेजने और आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधते हैं तथा नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।



ब्यासपीठ की पूजा अर्चना करती सांसद।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रींग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

## लाइफ Style

# मोना स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा




***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

# सीसीआई, सिटी बस और यूनिवर्सिटी की दिशा में सार्थक पहल होने की जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद में उठे ज्वलंत मुद्दे, जनप्रतिनिधियों ने दिलाया भरोसा**





जिले में दशकों से बंद पड़े सीसीआई सीमेंट प्लांट के पुनर्जीवित होने के साथ कोरोनाकाल के समय से बंद पड़ी सिटी बस सेवा के शुरू होने और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के यूर्निवसिटी संबंधी समस्याओं के निराकरण होने की उम्मीद जगी है। दरअसल हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री और सांसद, विधायक के साथ जिला प्रशासन के समक्ष यह मुद्दा जोर-शोर से उठा, जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इन विषयों पर शीघ्र सार्थक पहल होने की बात कही।

गौरतलब है कि 16 फरवरी सोमवार को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा साय सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल के साथ जिले में विकास कार्यों व समस्याओं पर चर्चा करने जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र कुमार सिंह, शेषराज हरवंश, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया से सार्थक संवाद किया। इसके पहले सत्र में कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से चर्चा हुई। इस संवाद के दौरान मुख्य रुप से जिले के अकलतरा क्षेत्र में दशकों से बंद पड़े सीसीआई सीमेंट प्लांट को पुर्नजीवित करने, जिले में सिटी बस सेवा शुरु करने और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए, जांजगीर में यूर्निवसिटी की स्थापना जैसे मुद्दे उठे। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि और अफसरों ने इन विषयों पर शीघ्र ही उचित पहल करने की बात कही। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने फिर से सीसीआई प्लांट के शुरु करने की दिशा में तीन महीने के भीतर उचित पहल नजर आने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### डॉ. शांभवी सिंह को मिली डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि



**जांजगीर-चांपा।** नगर की होनहार बेटी डॉ. शांभवी सिंह को मंदसौर विश्वविद्यालय द्वारा फार्मेसी विषय में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शांभवी सिंह ने अपने शोध कार्य के अंतर्गत ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) रोग के उपचार में प्रयुक्त एंटी-ग्लूकोमा औषधियों पर महत्वपूर्ण एवं नवाचारपूर्ण शोध किया है। उनका यह शोध फार्मेसी एवं नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस शोध को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा मान्यता प्रदान की गई है, जिससे इसका वैज्ञानिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। डॉ. शांभवी सिंह ने अपनी सफलता पर कहा, "यह उपलब्धि मेरे माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मेगा प्रदर्शनी का आयोजन आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पुलिस परेड ग्राउंड खोखरा जांजगीर में 19 से 21 फरवरी तक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ 2026 नामक राज्यस्तरीय मेगा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 19 फरवरी को सुबह 11 बजे सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, खनिज आयोग के अध्यक्ष सौरभ सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, नपाप अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढेवाल, चाम्पा नपाप अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, जांजगीर जिलाधीश जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम भगत सहित अन्य प्रमुख अतिथिगणों के उपस्थित में प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह प्रारंभ होगा। दिल्ली के फेंड्स एग्जिबिशन एवं प्रमोशन के चेयरमेन आनंद पाल और प्रोजेक्ट हेड श्रीमती अखिला श्रीनिवासन ने बताया कि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ 2026 में केंद्र सरकार के 35 से अधिक विभिन्न विभागों के और केंद्र और राज्य के 40 से अधिक विविध उपक्रमों के स्टाल लगेंगे। इस मेगा प्रदर्शनी में कृषि एवं कृषि तकनीकए विज्ञान एवं अनुसंधानए रक्षा एवं सुरक्षा, कौशल विकास एवं शिक्षा, ग्रामीण विकासए स्वरोजगार, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार के साथ.साथ कोयलाए खनन एवं इस्पात क्षेत्र से जुड़े नवाचारों और योजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य जांजगीर सहित पूरे क्षेत्र की विकास क्षमता को एक सशक्त मंच प्रदान कर तथा जन.जागरूकताए नवाचार, निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। यह आयोजन राज्य सामाजिक.आर्थिक विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### अनाचार के मामले में आरोपी को मिली 10 साल की सजा

**कोरबा।** एक अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे दस वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपए की अर्थदंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीमा प्रताप चन्द्रा द्वारा अभियुक्त सूरज चौहान उर्फ दादू को बलात्संग का दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि आरोपी ने झाड़ फूंक का बहाना बनाकर पीड़िता को उसके सास के घर में स्थित कमरे में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके कपड़े निकालकर, जबरदस्ती बलात्कार किया। जिस पर पीड़ित ने चौकी रजगामार में शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर पुलिस ने विवेचना उपरांत अभियोग पत्र सीमा चंद्रा, अपर सत्र न्यायाधीश, फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश किया। जहां अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक मोहन सोनी ने ठोस दलीले पेश की जिस पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देकर 10 वर्ष की सजा और एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

## निधन

### भागवत प्रसाद पांडेय



**लोहर्सी।** प्रगति चौक सड़कपारा लोहर्सी निवासी सेवानिवृत्त जेल प्रहरी भागवत प्रसाद पाण्डेय का गुरूवार 12 फरवरी को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री के साथ भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अमृतलाल सरोज



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम भड़ेसर (खोखरा) के प्रतिष्ठित नागरिक अमृत लाल सरोज का सोमवार 16 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सड़कों व खेतों में बिछी डस्त की परत, लोग परेशान,

# क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टे के संचालन से शासन को लाखों का लग रहा चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित ईंट भट्ठा।

बम्हनीडीह। बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में 25 से अधिक अवैध ईंट भट्ठों का संचालन कर शासन को लाखों रुपए का चूना लगा रहे है। खास बात यह है कि कार्रवाई को लेकर राजस्व एवं खनिज विभाग के अफसर ध्यान नहीं दे रहे है, जिसके कारण इस तरह के अवैध कारोबार से जुड़े माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे है।

बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम कनकपुर, परसापाली और कपिस्दा में 25 से अधिक अवैध ईंट भट्ठा संचालित हो रहा है। अवैध ईंट भट्ठा संचालन से शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है, जिस पर न तो खनिज विभाग कोई कार्रवाई कर पा रहा है न ही राजस्व विभाग का इस अवैध ईंट भट्ठो पर नकेल कस पा रहा है, जिससे कनकपुर परसापाली कपिस्दा के अवैध ईंट भट्ठा संचालको के हौसले बुलंद हैं। इनके खिलाफ आज तक शासन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है जिससे यहां के अवैध ईंट भट्ठा से निकलने वाली धुवां धुल लोगों की सेहत पर गहरा प्रभाव कर उनको गंभीर बिमारी की ओर चपेट में ले रहा है, जिससे आने वाले समय में यहां लोग बड़ी बड़ी बीमारियों के आगोस में समा जायेंगे पर इन सब से न तो पर्यावरण विभाग को कोई सरोकार है न ही खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस अवैध ईंट भट्ठो पर कोई कार्रवाई कर पा रहे हैं। करीब एक सप्ताह पहले कनकपुर, परसापाली, कपिस्दा में पर्यावरण विभाग के कुछ कर्मचारी यहां निरीक्षण करने पहुंचे हुए थे पर आज तक यहां के अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठो पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है की यहां के अवैध ईंट भट्ठा संचालको ने पर्यावरण विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किय जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों शिकायतों के बाद भी आज तक यहां कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे ईट भट्ठो के संचालकों का हौसला बुलंद हो रहा है। गांव के सड़कों में पूरा डस्त का परत बिछा हुआ है और खेती में भी डस्त के वजह से नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



**धुल व धुआं से बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग**-क्षेत्र में ईंट भट्ठों के अवैध संचालन से क्षेत्र के लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। धुल और कोयला लकड़ी के धुआं और रसायनों से फेफड़ों में सूजन और सांस लेने में कठिनाई होती है। धूल के कणों से सांस की नली में सूजन और घरघराहट होती है। धूल के सूक्ष्म कणों के कारण फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचता है। धूल के कणों के प्रति संवेदनशीलता से एलर्जी, छींकें आना आम बात हो चला है।

**तैयार कर रहे सूची**

अवैध ईंट भट्टों में कार्रवाई करने के लिए सुची तैयार की जा रही है। इस संबंध में पर्यावरण अधिकारी से भी बात की गई है। जल्द ही संयुक्त टीम बना कर कनकपुर, परसापाली, कपिस्दा के अवैध ईंट भट्टो पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी

-अविनाश चौहान,
तहसीलदार बम्हनीडीह

# लोहे के पाईप से पीट पीटकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



■ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया फैसला

लोहे की पाईप से पीटकर भाई बहु की हत्या करने वाले आरोपी जेठ को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास एवं 5 सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार मनोज सिंह ठाकुर ने 24 दिसंबर 2024 को थाना चांपा उपस्थित होकर सूचना दिया कि वह दोपहर 2.10 बजे खाना खाने अपने घर आया। वह खाना खाकर बैठा था। उसी समय बड़ा भाई सूरज सिंह ठाकुर आया और उसकी मां गुड्डी सिंह ठाकुर एवं सीमा सिंह से गाली गलौज करने लगा। वह अपनी गाडी लेकर गैस वितरण करने के लिए निकल गया। उसी दिन करीब 4.30 बजे मोहल्ले की आरती ने उसे फोन कर बतायी कि घर में झगड़ा हो रहा हैं। सूरज, सीमा भाभी को मारपीट कर रहा है तब उसने घर आकर देखा, तो उसकी पत्नी सीमा कमरे के अंदर मृत अवस्था में बिस्तर में पड़ी थी। सिर में गंभीर चोंट लगी थी। खून निकल रहा था। उसकी मृत्यु हो गयी थी तथा उसकी मां गुड्डी सिंह पास में घायल अवस्था में पड़ी थी। सिर से खून निकल रहा था। पूछताछ करने पर किरायेदार शंकुतला बतायी कि सूरज लड़ाई झगडा करके सीमा तथा मां को पाईप से मारपीट किया है। मनोज सिंह ठाकुर की उक्त सूचना पर थाना चांपा के सहायक उपनिरीक्षक अरूण कुमार सिंह ने मर्ग इंटीमेशन दर्ज किया तथा उक्त मर्ग पर धारा 103, 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण अभियोजन साक्षियों का कथानक लिये जाने के पश्चात अभियोजन साक्षियों के न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरज सिंह राजपूत पितास्व. सुंदर सिंह उम्र 39 वर्ष, निवासी खिरसालीपारा बेरियर चौक चांपा को दोषसिद्ध अपराध धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। वहीं धारा 109 भा.न्या.सं. के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर कमशः 6-6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक जांजगीर संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की।

# विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किए रचनात्मक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित महोत्सव का सफल एवं भव्य आयोजन अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सुंदर अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष सक्ती थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक योगेश साहू, तनवीर कुरेशी, डॉ. चंद्रशेखर खरे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, डॉ. अंगेश चंद्रा सहायक प्राध्यापक एवं सोमेश घीथोड़े सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला आयोजन विज्ञान समिति के सदस्यगण — छवि राठौड़ (जिला विज्ञान समन्वयक), भूपेंद्र कुमार साहू (व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरिबंधा), संतोष अनंत (व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली कला),संतोष तिवारी (व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदौर कला), श्रीमती कमलादपि गवेल (शासकीय हाई स्कूल परसाद खुर्द), करम सिंह सिदार (शासकीय हाई स्कूल शलनी) एवं प्रमोद देवांगन (शासकीय हाई स्कूल सकरीली कला) के सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह आयोजन सफल रूप से संपन्न हुआ। विज्ञान मॉडल, गणित मॉडल, पोस्टर निर्माण, रंगोली, वाद-विवाद, व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनुनय कॉन्वेंट स्कूल के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।




मंचस्थ अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत करते स्कूल स्टाफ।

# मंत्रोच्चारण के साथ अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने दी यज्ञ आहूति

**मालखरौदा।** वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय योगाचार्य डॉ हरिभाई आर्यन द्वारा विधिवत मंत्रोचारण से अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ यज्ञ आहुति संपन्न कराया गया। तत्पश्चात मातृ पितृ पूजन किया गया तथा द्वितीय सत्र में अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करा कर विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। भारतीय परम्परा के साथ आधुनिक शिक्षा को समावेश कर वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा विद्यार्थियों को मॉडर्न शिक्षा में सेवा समर्पण और नैतिकता को भी आत्मसात करा रही है, जिससे आज के वर्तमान परिवेश में बच्चों के अंदर आधुनिक ज्ञान की कुशल योग्यता के साथ साथ माता पिता,समाज और देश के प्रति समर्पण भाव जागृत रहे। प्रथम सत्र में विद्यार्थी यज्ञ आहुति के साथ आरती की थाली सजाकर अपने अपने माता पिता की पूजन किया। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सोना एकलव्य चंद्रा, पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे, जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद गबेल, जिला कार्यसमिति सदस्य मोनू गजेंद्र राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के संचालक लालू गबेल एवं प्राचार्य बी.डी. मेहेर द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एस. पी. मेहेर द्वारा किया गया।



## कलेक्टर-एसपी ने यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर दिए कड़े निर्देश

# दुर्घटना से बचाव के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर की उपस्थिति मे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड, गति अवरोधक, ट्री रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं या जहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने को कहा गया। उन्होंने मोड़, ब्रेकर आदि को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए सड़कों के किनारे संकेतक बोर्ड लगाए जाने कहा। उन्होंने हाईवे पर स्थित उन ढाबों पर विशेष निगरानी रखने को कहा, जहां ट्रक सड़कों पर खड़े रहते हैं या मादक पदार्थों का सेवन कराना पाया जाता है। ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने सड़क सुरक्षा को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी विभागों को अपने कार्यालयो मे आने वाले आमजन को जागरूक करने कहा। उन्होंने सभी टू व्हीलर वाहन चालको को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और फोर व्हीलर वाहन चालको को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने की बात कही।




अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर, एसपी एवं अन्य अधिकारी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411